(a) whether Government are at present considering a scheme to encourage talented students in sports and games;

(b) if so, the details thereof;

(c) by what time the Scheme would be finalised; and

(d) how it will be operated and through which agency?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION AND YOUTH SERVICES (SHRI BHAKT DARSHAN): (a) to (d). The Scheme has been approved by the Government. A copy of the Press Note issued in this connection on 26th March 1970, containing details of the scheme, is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-3156/70].

**दिल्ली के उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में सामाजिक विज्ञान पढ़ाने के लिए व्यवस्था**

5858. **श्री मोल्हू प्रसाद** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली प्रशासन ने दिल्ली के उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में विभिन्न विषयों को पढाने की व्यवस्था की है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना को पैदा करने के लिये समाजशास्त्र जैसे विषयों को पढ़ाना आवश्यक है; और

(ग) यदि हां, तो स्कूलों में पढ़ाये जा रहे विषयों में समाजशास्त्र को शामिल न करने के क्या कारण है ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन)** : (क) से (ग). संबंधित प्राधिकारियों से अपेक्षित सूचना एकत्र की जा रही है और यथाशीघ्र सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

**अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित पदों को उन्हीं समुदायों के व्यक्तियों से भरना**

5859. **श्री मोल्हू प्रसाद** : क्या **गृह कार्य** मंत्री अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित पदों में उन्हीं समुदायों के व्यक्तियों की नियुक्ति के बारे में 5 दिसम्बर, 1969 के तारांकित प्रश्न 425 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उपर्युक्त प्रश्न के अनुपूरक प्रश्नों में पूछी गई अपेक्षित जानकारी इस बीच एकत्र कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका उपक्रम-वार तथा श्रेणीवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) से (ग). अपेक्षित सूचना अब एकत्रित कर ली गई है और विवरण में दी गई है जो सभा पटल पर रखा गया है । [**ग्रंथालय में रखा गया । देखिये संख्या** L-3157/70] इलाहाबाद और मद्रास में स्थित परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति के केवल उन्हीं उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देते हैं जो भारतीय प्रशासनिक सेवा इत्यादि के लिए सयुंक्त प्रतियोगिता परिक्षाओं में बैठेंगे । ये केन्द्र उन उम्मीदवारों को कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं देते हैं जो सरकारी उद्यमों के अधीन सेवाओं/पदों में अथवा अन्य सरकारी सेवाओं के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं में बैठते हैं । अतः उक्त विवरण में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उन उम्मीदवारों के आंकड़े दिये गये हैं जिनको इन केन्द्रों में प्रशिक्षण दिया गया है और जिन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा इत्यादि के लिए संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता पाई है ।

**आई सी एस अधिकारी**

**5860. श्री राम स्वरूप विद्यार्थी :**
**श्री वंशनारायण सिंह :**
**श्री नारायण स्वरूप शर्मा :**
**श्री ओम प्रकाश त्यागी :**

क्या **गृह कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के संवर्ग में आई० सी० एस० वर्ग अधिकारियों की अलग अलग कितनी संख्या है ;

(ख) उनमें से कितने अधिकारियों के देश में विदेशी बैंकों में तथा विदेशों में खाते हैं;

(ग) उनमें से कितने अधिकारियों ने अपनी भारतीय पत्नियों को छोड़ दिया है या उनसे विवाह-विच्छेद कर दिया है और विदेशी महिलाओं के साथ विवाह कर लिया है; और

(घ) उनको कौन कोन से विशेष अधिकार दिये जा रहे हैं और उनकी सेवा की शर्तें क्या हैं ?

**गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) सभी आई० सी० एस० अधिकारी उन राज्यों के संवर्ग में होते हैं जिनको उनका आवंटन किया गया था। पहली अप्रैल, 1970 को विभिन्न राज्य-संवर्गों में 108 आई० सी० एस० अधिकारी थे। संवर्ग-वार सूची विवरण में दी गयी है, जो सभा पटल पर रखा गया है। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये** संख्या L-3158/70] 108 में से (उनको मिलाकर जो छुट्टी पर थे अथवा सेवा निवृत्ति से पूर्व अस्वीकृत छुट्टी पर थे) 84 केन्द्रीय सरकार के कार्यों और 24 राज्य सरकारा के कार्यों के लिए सेवा कर रहे थे।

(ख) और (ग). सरकार के पास यह सूचना उपलब्ध नहीं है।

(घ) आई०सी० एस० अधिकारी पारिश्रमिक, पेंशन, छुट्टी तथा अनुशासनात्मक मामलों के सम्बन्ध में सुरक्षित सेवा शर्तों का लाभ उठा रहे हैं। आई० ए० एस० अधिकारियों और आई०सी०एस०अधिकारियों की सेवा शर्तों में मुख्य विभिन्नताओं का एक विवरण II में दी गयी है, जो सभा पटल पर रखा गया है। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए** संख्या LT-3158/70]

**मसूर में शाह जी भोंसले की समाधि का रख-रखाव**

5861. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**

**श्री रामगोपाल शालवाले :**

क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैसूर स्थित शाहजी भोंसले की समाधि की एकदम उपेक्षा की जा रही है और उसके प्रति कोई सम्मान नहीं दिखाया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उपर्युक्त समाधी की देखभाल करने के लिये केन्द्रीय सरकार का विचार राज्य सरकार को कोई निदेश देने का है ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या केन्द्रीय सरकार उपर्युक्त समाधि की देखभाल करने की व्यवस्था करेगी; और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में उप मंत्री (श्रीमती जहानआरा जयपाल सिंह)**: (क) से (ग) होदेगिरी में शाहजी का गुम्बद केन्द्रीय संरक्षित स्मारक है। यह गुम्बर अच्छी हालत में है। प्राचीरों के सुधार का काम, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा जंगल के कबाड़े की सफाई करके, खराब नालियों की मरम्मत करके तथा रास्तो में कंकड़ बिछाकर पहले से ही शुरू कर दिया गया है।

**आगामी ओलम्पिक खेलों के लिए खिलाड़ियों का चयन**

5862. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**

**श्री अर्जुन सिंह भदौरिया :**

क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आगामी ओलम्पिक खेल किस वर्ष में होगी ;

(ख) आगामी ओलम्पिक खेलों में अपने सम्मान की रक्षा के लिये भारत द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है;

(ग) भारत का कौन कोन सी खेलों के लिये विशेष तैयारी करने का विचार है ;

(घ) क्या उपर्युक्त खेलों के लिये खिलाड़ियों के उचित चयन के सम्बन्ध में और उन को उचित प्रशिक्षण देने तथा उनकी देखभाल के लिये सरकार ने कोई निर्णय किया है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन)**: (क) अगले ओलिम्पिक खेल म्यूनिख (पश्चिम जर्मन) में 1972 के दौरान होंगे।